लोक सभा अध्यक्ष ने श्री बलराम दास टंडन के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 14 अगस्त, 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री बलराम दास टंडन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

अपने शोक संदेश में, श्रीमती महाजन ने कहाः "मुझे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, श्री बलराम दास टंडन के निधन का समाचार सुनकर अत्यन्त दुख हुआ। एक वरिष्ठ राजनीतिज्ञ और कुशल प्रशासक, श्री टंडन एक जन नेता थे और मूल्य आधारित राजनीति और सार्वजनिक जीवन के प्रति पूरी तरह समर्पित थे । आप लोक हितषी नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति सदव प्रतिबद्ध रहे । राज्य की राजनीति में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान, आपने एक विधायक और कबिनेट मंत्री के रूप में पंजाब के लोगों की उत्कृष्ट रूप से सेवा की। मैं उनके परिवार के दुखी परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।"